दिन– शुक्रवार

दिनांक– 10/10/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधि– 15 मिनट

---

01. एनडीए और महागठबंधन के घटक दलों की अधिक सीटों पर दावेदारी के चलते अब तक नहीं तय हो सका है सीट शेयरिंग का फॉर्मूला।

02 राजद ने सीटों के तालमेल और उम्मीदवारों के चयन के लिए पार्टी अध्यक्ष लालू प्रसाद को किया अधिकृत।

03. छह नवम्बर को एक सौ इक्कीस विधानसभा सीटों पर होने वाले पहले चरण के मतदान के लिए आज से नामांकन की प्रक्रिया शुरू। उम्मीदवार सत्रह अक्टूबर तक दाखिल कर सकेंगे पर्चा।

04. और, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन कल एक दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। सिताब दियारा में आयोजित जे.पी. जयंती समारोह में होंगे शामिल।

---

एनडीए और महागठबंधन के घटक दलों की अधिक संख्या में सीटों पर दावेदारी के कारण अभी तक दोनों ही गठबंधनों में सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तय नहीं हो सका है।

---

इधर, एनडीए में सीटों के बंटवारे को लेकर आज भी भाजपा के वरिष्ठ नेता नित्यांनद राय ने लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान से मुलाकात की। बाद में संवाददाताओं से बातचीत में श्री पासवान ने कहा कि एनडीए में सब कुछ सकारात्मक है।

–––बाइट–––

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि सीट बंटवारे को लेकर कोई विवाद नहीं है।

–––बाइट–––

इस बीच, जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा है कि एनडीए के पांचों घटक दल पूरी तरह एकजुट हैं। कोई नाराज नहीं हैं।

–––बाइट–––

हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन ने कहा कि वे मजबूती के साथ एनडीए में हैं।

———बाइट———

इससे पहले आज सुबह भाजपा के बिहार प्रभारी विनोद तावड़े और पार्टी के वरिष्ठ नेता ऋतुराज सिन्हा ने राष्ट्रीय लोक मोर्चा अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा के आवास पर जाकर सीट बंटवारे को लेकर उनसे बातचीत की।

इधर, आज पटना में भाजपा और जदयू नेताओं की एक बैठक भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्मंत्री सम्राट चौधरी के आवास पर आयोजित की गयी। बैठक में जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, वरिष्ठ नेता ललन सिंह और विजय कुमार चौधरी मौजूद थे। भाजपा के चुनाव प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान और पार्टी के बिहार प्रभारी विनोद तावड़े भी इस बैठक में शामिल हुये।

---

भाजपा बिहार कोर कमिटी की कल नई दिल्ली में बैठक होगी। इस बैठक में पार्टी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान, बिहार प्रभारी विनोद तावड़े और प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। बैठक में उम्मीदवारों के चयन पर विचार–विमर्श होगा। वहीं, पार्टी की बारह अक्टूबर को होने वाली केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में उम्मीदवारों के नाम पर अंतिम मुहर लगेगी।

---

महागठबंधन के घटक दलों के बीच भी सीटों के बंटवारे को लेकर अब तक सहमति नहीं बन सकी है। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने गतिरोध को समाप्त करने के लिए विकासशील इंसान पार्टी अध्यक्ष मुकेश सहनी के साथ बातचीत की। सीपीआई और सीपीएम के राष्ट्रीय महासचिव भी सीट बंटवारे के मुद्दे को सुलझाने के लिए पटना में हैं।

राष्ट्रीय जनता दल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद को चुनाव से संबंधित अंतिम फैसला लेने के लिए अधिकृत किया है। पार्टी की संसदीय समिति की आज पटना में

हुयी बैठक में यह फैसला किया गया। बैठक के बाद पार्टी प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने यह जानकारी दी।

———बाइट———

---

कांग्रेस नेता और पार्टी के वरिष्ठ पर्यवेक्षक अशोक गहलोत ने कहा है कि महागठबंधन का संयुक्त घोषणा पत्र जारी होगा। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री गहलोत ने कहा कि घोषणा पत्र में सभी दलों के सुझाव शामिल होंगे।

———बाइट———

---

मोहनिया से राजद विधायक संगीता कुमारी और शिवहर से राजद विधायक चेतन आनंद ने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इससे पहले भभुआ से राजद विधायक भरत बिंद और चेनारी से कांग्रेस विधायक मुरारी गौतम ने भी विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था।

---

जदयू के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद संतोष कुशवाहा आज राजद में शामिल हो गये। पटना में आयोजित मिलन समारोह में जदयू के पूर्व विधायक राहुल शर्मा, लोजपा के अजय कुशवाहा और युवा नेता चाणक्य प्रकाश रंजन भी राजद में शामिल हुये।

---

इधर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद अजय निषाद अपनी पत्नी के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। उन्हें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई।

---

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण की अधिसूचना आज जारी हो गयी है। इसके साथ ही नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो गयी है। एक रिपोर्ट—

———रिपोर्ट———

पहले चरण में छह नवंबर को पटना, दरभंगा, मधेपुरा, सहरसा, खगड़िया, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, सीवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, लखीसराय, मुंगेर, शेखपुरा, नालंदा, बक्सर और भोजपुर जिले की एक सौ इक्कीस विधानसभा सीटों के लिए मतदान होगा। नामांकन की अंतिम तिथि सत्रह अक्तूबर तक निर्धारित है। अठारह अक्तूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी। वहीं, बीस अक्तूबर तक नाम वापस लिये जा सकते हैं। निर्वाचन आयोग ने नामांकन केंद्रों के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिये हैं। नामांकन के लिए प्रत्याशी के साथ केवल तीन वाहन और प्रस्तावक सहित अधिकतम पाँच व्यक्ति ही जा सकेंगे। पूरी नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी की जाएगी। समाचार कक्ष से कामिनी ठाकुर।

इधर, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि हर महीने के दूसरे और चौथे शनिवार और रविवार को नामांकन नहीं होगा।

———————————————————————

निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनावों के दौरान वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों के लिए वैकल्पिक डाक मतपत्रों की अनुमति दी है। इन श्रेणियों से संबंधित मतदाता चुनाव अधिसूचना जारी होने के पाँच दिनों के भीतर फॉर्म बारह–डी के माध्यम से रिटर्निंग ऑफिसर को आवेदन कर सकते हैं। जो पात्र मतदाता इस व्यवस्था का विकल्प चुनेंगे, उन्हें मतदान दल मतपत्र वितरित करेंगे, जिससे मतदान की गोपनीयता बनी रहेगी। यह सुविधा वैकल्पिक है और डाक विभाग से अलग है। आयोग स्वयं प्रेषण और संग्रहण की देखरेख करेगा। यह कदम उन मतदाताओं के लिए एक बड़ा बदलाव साबित हो सकता है, जिन्हें मतदान के लिए चलने–फिरने में कठिनाई या स्वास्थ्य संबंधी जोखिम का सामना करना पड़ता है।

———————————————————————

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि मतदाता फोटो पहचान पत्र के अलावा बारह वैकल्पिक फोटो पहचान पत्रों में से कोई भी एक दिखाकर मतदाता मतदान कर सकते हैं। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

निर्वाचन आयोग ने जिन बारह वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्रों की सूची जारी की है उसमें आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड और बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक शामिल हैं। आयोग ने कहा है कि लगभग शत–प्रतिशत मतदाताओं को फोटो पहचान पत्र जारी कर दिए गए हैं। आयोग ने यह भी बताया कि उसने सभी मुख्य चुनाव अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं कि वे मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के पन्द्रह दिन के भीतर नए मतदाताओं को फोटो पहचान पत्र प्रदान करना सुनिश्चित करें। समाचार कक्ष से सुरैया जबीं।

———————————————————————

निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए सभी चुनाव अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में चुनाव की तैयारियों में नामांकन प्रक्रिया पर ऑनलाइन मूल्याकंन और संदेह निवारण सत्र को भी शामिल किया गया है। कल शुरू हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल दो सौ तैंतालीस चुनाव अधिकारियों और एक हजार चार सौ अठारह सहायक चुनाव अधिकारियों ने भागीदारी की। आयोग ने एक वक्तव्य में बताया कि ऑनलाइन मूल्यांकन और संदेह निवारण सत्र में नामांकन प्रक्रिया, आदर्श आचार संहिता, प्रतीक आवंटन, मतदान दिवस की व्यवस्था और मतगणना सहित चुनाव संचालन के सभी चरणों को कवर किया जाएगा।

---

राज्य मे आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक छह सौ इकसठ लाख रुपये मूल्य की शराब जब्त की गयी है। वहीं, दो सौ छह लाख रुपये मूल्य से अधिक के ड्रग्स और नशीले पदार्थ बरामद किये गये हैं। इसके अलावा बीस लाख रुपये नकद, तीन सौ सत्ताईस लाख रुपये मूल्य के फ्री बीज और अन्य सामान तथा सड़सठ लाख रुपये मूल्य के कीमती धातु जब्त किये गए।

---

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन कल एक दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। श्री राधाकृष्णन लोकनायक जयप्रकाश नारायण के पैतृक गांव सारण जिले के सिताब दियारा में उनकी जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। उपराष्ट्रपति लोकनायक जयप्रकाश नारायण राष्ट्रीय स्मारक पर पुष्पांजलि भी अर्पित करेंगे। वे सिताब दियारा में प्रभावती पुस्तकालय का भी दौरा करेंगे।

---

औरंगाबाद जिले के बड़ेम थाना अंतर्गत सोन नद में नाव पलटने से छह लोग डूब गये। इनमें से दो शवों को निकाल लिया गया है। अन्य की तलाश जारी है। इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस हादसे पर गहरा दु:ख जताया है।

---

गया के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने फतेहपुर अंचल के राजस्व कर्मचारी रवि कुमार को रिश्वत लेने के आरोप में निलंबित कर दिया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. एनडीए और महागठबंधन के घटक दलों की अधिक सीटों पर दावेदारी के चलते अब तक नहीं तय हो सका है सीट शेयरिंग का फॉर्मूला।

02 राजद ने सीटों के तालमेल और उम्मीदवारों के चयन के लिए पार्टी अध्यक्ष लालू प्रसाद को किया अधिकृत।

03. छह नवम्बर को एक सौ इक्कीस विधानसभा सीटों पर होने वाले पहले चरण के मतदान के लिए आज से नामांकन की प्रक्रिया शुरू। उम्मीदवार सत्रह अक्टूबर तक दाखिल कर सकेंगे पर्चा।

04. और, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन कल एक दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। सिताब दियारा में आयोजित जे.पी. जयंती समारोह में होंगे शामिल।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।